



### एक नजर में

**मोबाइल कोर्ट के माध्यम मिला भूमि पर कब्जा**

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भूमि विवाद संबंधी प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील राघौगढ़ अंतर्गत ग्राम बदरपुर में आज कब्जा सबंधी विवाद का निराकरण कर आवेदक को कब्जा सौंपा गया। न्यायालय तहसीलदार राघौगढ़ के प्रकरण में ग्राम बदरपुर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 36/2 रकबा 0.200 हेक्टेयर पर से अनावेदक हनुमतसिंह लोधा पुत्र किशन लोधा का अवैध कब्जा हटाया जाकर आवेदक फूलसिंह पुत्र जगन्नाथ जाति गाडरी को कब्जा दिलाये जाने के लिये निवेदन किया गया था। इस सबंध में तहसीलदार तहसील राघौगढ़ अनुराग जैन के नेतृत्व में गठित राजस्व दल द्वारा मौके पर जाकर अनावेदक हनुमतसिंह लोधा पुत्र श्रीकिशन लोधा का अवैध कब्जा हटाकर आवेदक फूलसिंह पुत्र जगन्नाथ जाति गाडरी को कब्जा सौंपा गया। आवेदक द्वारा मोबाइल कोर्ट अंतर्गत त्वरित भूमि का कब्जा दिलाये जाने पर कलेक्टर श्री कन्याल का आभार प्रकट किया गया।

# नपा में बैठकों और आदेशों का अजब खेल, सफाईकर्मियों को बुलाकर अधिकारी हुए गायब

## सफाईकर्मी दो घंटे तक बैठे रहे, हाजिरी तक नहीं ली गई, आज से शुरू होनी थी दलेल व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**गुना 1 नव. का। नगर पालिका परिषद में इन दिनों बैठकों और आदेशों को लेकर अजीबो-गरीब स्थिति देखने को मिल रही है। शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए बीती शाम नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता और प्रभारी सीएमओ डिप्टी कलेक्टर मंजुषा खत्री की मौजूदगी में मेट-दरोगा एवं सफाईकर्मियों की विशेष बैठक बुलाई गई थी।**



बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर दोनों ने नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि अब से प्रातः कालीन सफाई के साथ दोपहर में भी दलेल व्यवस्था लागू की जाएगी। इसमें सभी वार्डों के सफाई कर्मचारी शामिल होंगे। इसके साथ ही यह भी तय किया गया कि दोपहर की हाजिरी नगर पालिका कार्यालय में ही ली जाएगी। बैठक के बाद देर रात नगरपालिका के एचओ विभाग द्वारा मेट-दरोगाओं को व्हाट्सऐप एवं व्यक्तिगत रूप से आदेश जारी किए गए, जिसमें साफ लिखा गया कि शनिवार की दोपहर सभी सफाईकर्मी नगर पालिका कार्यालय में उपस्थित रहें। आदेशानुसार मेट-दरोगा अपने-अपने क्षेत्रों के सफाईकर्मियों को लेकर दोपहर में नगर पालिका पहुँचना शुरू हो गए। देखते ही देखते परिसर में सफाईकर्मियों की लंबी कतार लग गई। लेकिन आश्चर्य की बात यह रही कि लगभग दो घंटे तक सफाईकर्मी परिसर में बैठे रहे, इसके बाद भी उनसे कोई कार्य नहीं कराया गया, यहाँ तक कि उनकी हाजिरी तक नहीं ली गई। मौके पर सफाईकर्मी यह जानने को लेकर उलझन में रहे कि आखिर उन्हें क्यों बुलाया गया था। उधर अधिकारी, जिनके निर्देश पर उन्हें बुलाया गया था, वो भी अनुपस्थित रहे। मौके पर पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील मालवीय ने नपा के इस रवैया पर आक्रोष जताया।

बहरहाल यह स्थिति उस समय और अधिक सवाल खड़े करती है जब शनिवार एवं रविवार को अवकाश रहता है। इसके बावजूद सफाईकर्मियों को आदेशित कर बुलाया गया और फिर उन्हें यूँ ही प्रतीक्षा में छोड़ दिया गया। कर्मचारियों का कहना है कि यदि दोपहर में दलेल व्यवस्था लागू करनी थी, तो उसके लिए स्पष्ट व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति आवश्यक थी। परंतु यहाँ बिना समन्वय के आदेश जारी कर दिए गए, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। कर्मचारियों के अनुसार यदि इस प्रकार बिना तैयारी और अनुपस्थित जिम्मेदारी के आदेश दिए जाते रहेंगे, तो सफाई व्यवस्था बेहतर होने के बजाय और अव्यवस्थित हो सकती है। नगर पालिका की मौजूदा स्थिति यह सवाल पैदा करती है कि क्या वाकई में जिम्मेदारों द्वारा सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए गंभीरता दिखाई जा रही है या केवल बैठकों और आदेशों का दिखावटी दौर चल रहा है।



### सुबह शहर में स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण निर्देश दिए गए सुधार के

इधर बीती शाम आयोजित बैठक के बाद शनिवार सुबह जिला शहरी विकास अभिकरण के संजय श्रीवास्तव, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री और प्रभारी स्वच्छता अधिकारी शिवराज सिंह सिकरवार द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने लक्ष्मीगंज, सदर बाजार, हाट रोड, घोसीपुरा, कर्नलगंज और दुर्गा कॉलोनी क्षेत्रों का दौरा कर सफाई की वास्तविक स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित वार्डों के जनप्रतिनिधियों एवं मेट-दरोगाओं से चर्चा कर सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। साथ ही वार्डों में तैनात सफाईकर्मियों की उपस्थिति की भी जांच की गई। हाट रोड क्षेत्र में गन्ना विक्रेताओं से नियमित स्वच्छता शुल्क जमा कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा नगरपालिका के अतिक्रमण दस्ते को प्रतिदिन सुबह नियमित रूप से शहर भ्रमण कर अतिक्रमण हटाने और दोबारा अतिक्रमण न होने देने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका की सहयोगी संस्था सिद्धि विनायक टीम को आदेश दिए गए कि वह प्रत्येक वार्ड में खाली पड़े प्लॉटों के मालिकों की जानकारी एकत्रित कर नगरपालिका कार्यालय को उपलब्ध कराए, ताकि उन्हें नोटिस जारी कर बाउंड्रीवॉल बनाने के लिए बाध्य किया जा सके। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि एक सप्ताह के भीतर किसी भी क्षेत्र में खाली प्लॉटों पर कचरा दिखाई नहीं देना चाहिए। निरीक्षण के दौरान विवेक श्रीवास्तव, शकील खान, अमित आर्य एवं संबंधित मेट-दरोगा उपस्थित रहे।



### देव उठनी एकादशी पर खाटू श्याम जन्मोत्सव सुबह से उमड़ा आस्था का सैलाब

**गुना।** देव उठनी एकादशी के अवसर पर शनिवार को शहर में आस्था और श्रद्धा का अनोखा माहौल देखने को मिला। नानाखेड़ी क्षेत्र स्थित पिपरोदा आवासीय कॉलोनी में बने खाटू श्याम मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमडना शुरू हो गई। जैसे-जैसे दिन बढ़ा, मंदिर परिसर और आसपास की गलियां जयकारों से गूंज उठीं— हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा। भक्तों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी। सुबह से दर्शन करने के लिए महिला और पुरुषों की लंबी कतारें मंदिर के बाहर सड़कों तक फैल गईं। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, सुबह छह बजे से ही दर्शन प्रारंभ कर दिए गए थे और शाम तक लगभग 20 से 25 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर चुके थे। श्रद्धालुओं के उत्साह का आलम यह था कि कई परिवार बच्चों और बुजुर्गों के साथ घंटों कतार में खड़े होकर भी शांत और श्रद्धापूर्ण भाव से दर्शन की प्रतीक्षा करते दिखे। मंदिर पर खास सजावट की गई थी, जिसमें रंग-बिरंगी रोशनियों और फूलों के हारों ने वातावरण को और भी भव्य बना दिया। मंदिर के पुजारी के अनुसार, देव उठनी एकादशी को खाटू श्याम का जन्मोत्सव माना जाता है। इसी कारण इस दिन मंदिर में विशेष पूजा और अनुष्ठान किए जाते हैं। उनका कहना है कि यह पर्व नई शुरुआत, शुभ कार्यों और मंगलकामनाओं का प्रतीक है। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर प्रबंधन द्वारा शाम को बाहर से आमंत्रित भजन गायक श्याम भक्ति के मधुर भजनों की प्रस्तुति दी। आयोजन समिति ने बताया कि भजन संध्या देर रात तक चली और भक्त महाप्रसाद का भी लाभ लिया।

## सेवा भारती आनंद धाम में वृद्धजनों को वस्त्र और मिठाई वितरित

नवभारत न्यूज

**गुना।** सेवा भारती आनंद धाम वरिष्ठ जन सेवा केंद्र में एकादशी ग्यारस के अवसर पर इनर व्हील क्लब गुना द्वारा वृद्धजनों के बीच स्नेह और सेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वृद्ध वरिष्ठ जनों को मिठाई और पटाखे वितरित किए गए, वहीं वृद्ध महिलाओं को साड़ी भेंट की गई। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष रेनू अग्रवाल, सचिव प्रियंका उपाध्याय सहित क्लब की सदस्य राखी जैन, बबीता तिवारी, नीलम जैन, सुनीता अग्रवाल, कृष्णा रघुवंशी, माधुरी अग्रवाल,




सीमू गुप्ता, अनुपम गुप्ता, रजनी बिंदल, ज्योति अग्रवाल, पूर्णिमा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, प्रीति रघुवंशी और नंदनी अग्रवाल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान आनंद धाम परिसर में गुलाब, पान सहित लगभग 25 प्रकार के पौधों का रोपण भी किया गया।

आनंद धाम परिवार ने इनर व्हील क्लब गुना के इस सहयोग और संवेदनशीलता के लिए आभार व्यक्त किया।

## हर रविवार लगेगा 'जैविक हाट बाजार'

**गुना।** जिला प्रशासन गुना द्वारा उद्यानिकी विभाग एवं कृषि विभाग के सहयोग से शास्त्री पार्क सब्जी मंडी गुना में जैविक हाट बाजार का आयोजन रविवार 2 नवम्बर 25 को प्रातः 9 बजे से किया जायेगा। यह आयोजन अब प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से किया जाएगा। इस जैविक हाट बाजार का मुख्य उद्देश्य जिले के किसानों द्वारा उत्पादित जैविक फल, सब्जियाँ, अनाज, मसाले एवं अन्य कृषि उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाना है। इससे किसानों को उचित मूल्य प्राप्त होगा और उपभोक्ताओं को शुद्ध, ताज़े एवं रसायन-मुक्त उत्पाद उपलब्ध होंगे। कलेक्टर किशोर कन्याल ने बताया कि यह पहल किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेगी तथा आम नागरिकों को जैविक उत्पादों के प्रति जागरूक बनाएगी। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग भी अपने विभिन्न कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु स्टॉल लगाएगा। उन्होंने जिले के नागरिकों, उपभोक्ताओं एवं किसान भाइयों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस जैविक हाट बाजार में शामिल हों, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें।

## स्वास्थ्य संस्थानों में मनाया गया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस




नवभारत न्यूज

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में सिविल अस्पताल आरोन में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. के एन भिलवारे के नेतृत्व में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। इस हेतु विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में रंगोली बनाई गई साथ ही सफाई अभियान भी किया गया।

इसी प्रकार हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर वृंदावन, बरोद एवं झाझोन में भी मध्य प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही उक्त अवसर पर सेमराखेड़ा चक्क छात्रावास में सीएचओ जूली लोधा द्वारा छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया।इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संतोष केवट, जूली लोधा एवं कृष्ण प्रजापति के साथ ही अन्य स्टाफ ने उपस्थित होकर भाग लिया।



## कस्तूरबा महाविद्यालय में मप्र स्थापना दिवस पर शपथ कार्यक्रम संपन्न

**गुना।** शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना में 1 नवंबर को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता जैन के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रीति यादव ने छात्राओं को राज्य के इतिहास और गठन से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 1 नवंबर 1956 को सेंट्रल प्रोविंस एंड बरार, मध्य भारत, विंध्य प्रदेश और भोपाल के विलय के बाद मध्य प्रदेश की स्थापना हुई तथा भोपाल को राजधानी घोषित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को राज्य की एकता, अखंडता और समृद्धि को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. दिवाकर तिवारी, कीर्ति सोनी, प्रशांत आर्य, जावेद अली, मिथुन धाकड़ सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

### कुंभराज में दिवाली मिलन व अन्नकूट प्रसादी का आयोजन

**कुंभराज।** भारत विकास परिषद शाखा कुंभराज द्वारा दिवाली मिलन समारोह एवं अन्नकूट प्रसादी का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, फैंसी ड्रेस और रंगोली प्रतियोगिताओं में भाग लेकर वातावरण को उल्लासपूर्ण बनाया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन में गुना से प्रांतीय दायित्वधारी सदस्य, गुना शाखा के पदाधिकारी, थाना प्रभारी, हनुमान रामलीला मंडल, हिंदू उत्सव समिति, विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस के कार्यकर्ता सहित स्थानीय पत्रकार उपस्थित रहे। अंत में शाखा के सचिव ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए समाज में सांस्कृतिक एकता और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

## अनुभवी रिटायर्ड पुलिसकर्मियों की सेवा ठेके पर लें, विधायक पन्नालाल का सुझाव

**गुना।** मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला पंचायत विश्राम गृह में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने विकास के मॉडल, कानून व्यवस्था और सार्वजनिक संस्थानों की जवाबदेही को लेकर अपने-अपने विचार सामने रखे। कार्यक्रम की शुरुआत मध्यप्रदेश गान से हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि गुना अब कृषि और बागवानी क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। धनिया उत्पादन के मामले में गुना पहले से ही अग्रणी है और वर्तमान में इसका वार्षिक रेवेन्यू करीब पांच हजार करोड़ तक पहुंच चुका है। लक्ष्य इसे आगामी वर्षों में पचास




हजार करोड़ तक ले जाने का है। उन्होंने बताया कि जिले के कई युवा किसान कम क्षेत्र में उच्च मूल्य वाली फसलों की ओर बढ़ रहे हैं। गुलाब की खेती इसका उदाहरण है, जहां एक एकड़ में किसानों को सालाना 12 लाख तक की आमदनी मिल रही है। प्रशासन अब अमरूद उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में भी कदम बढ़ा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। नए तिराहे, चौराहे और स्मार्ट सड़कें विकसित होने की प्रक्रिया में हैं। शैक्षिक परिणामों में भी सुधार आया है, इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में जिले का परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ा है। रोजगार मेले और युवा संगम की गतिविधियों में भी गुना निरंतर प्रदेश में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वाटर हार्वेस्टिंग के लिए गुना नगरपालिका को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है तथा ईट राइट चैलेंज में भी जिला अव्वल रहा है। कलेक्टर ने कानून व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि विकास तभी संभव है, जब सामाजिक वातावरण शांत और व्यवस्थित हो। इसलिए उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी विवाद या परिस्थिति में कानून को हाथ में लेने से बचें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई कानून व्यवस्था को चुनौती देगा तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद विधायक पन्नालाल शाक्य ने कलेक्टर के वक्तव्य का समर्थन करते हुए कहा कि कलेक्टर द्वारा प्रस्तुत विचार व्यवहारिक और विकास उन्मुख हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा, डरने की क्या जरूरत है कि कोई पद कम या ज्यादा हो जाएगा। यदि कर्तव्य सही है तो निर्णय भी दृढ़ होना चाहिए। विधायक ने जिला पुलिस व्यवस्था की चर्चा करते हुए सुझाव दिया कि अनुभवी सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की सेवाएं लेकर नए अधिकारियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए।

**ठगी का जाल** — व्यापारी को भावनात्मक झांसे में लेकर नकली सोने के आभूषणों के बदले यह रकम ऐंठ ली

# व्यापारी से नकली सोने के बदले 10 लाख 5 हजार की ठगी

**गुना।** शहर की प्रकाश टाकीज गली में कपड़े की दो दुकानें संचालित करने वाले व्यापारी प्रवीण जैन के साथ दो ठगों ने 10 लाख 5 हजार रुपए की बड़ी ठगी को अंजाम दिया है। आरोपियों ने व्यापारी को भावनात्मक झांसे में लेकर, नकली सोने के आभूषणों के बदले यह रकम ऐंठ ली। पीड़ित व्यापारी ने इस संबंध में गुना एसपी अंकित सोनी को आवेदन देकर, ठगों को जल्द पकडने की गुहार लगाई है। ठगी की शुरूआत तब हुई जब दो ग्राहक प्रवीण जैन की दुकान पर आए और पैंट-शर्ट की एक जोड़ी खरीद ली। अगले दिन वही आरोपी एक महिला के साथ फिर आए और पैंट-शर्ट, साडियां और एक राजस्थानी लहंगा पसंद कर रख दुकान पर ही छोड गए। बातचीत के दौरान ग्राहकों ने खुद को आर्थिक रूप से कमजोर बताते हुए कहा कि उनकी पत्नी को कैंसर है और उन्हें इलाज के लिए सोने के गहने गिरवी रखने हैं। पहले तो



दुकानदार ने मना किया, लेकिन ग्राहकों ने ठगी का जाल बिछाते हुए जबरदस्ती सोने के दो मोती उन्हें दे दिए और कहा कि विश्वास करने के लिए किसी सुनार से जांच करा लें। जांच में मोती सही निकले, जिससे दुकानदार को उन पर भरोसा हो गया। हालांकि बाद में दोनों ठग अपने असली मोती लेकर वापस चले गए। इसके बाद आरोपियों ने बार-बार प्रवीण जैन को फोन करके मदद की गुहार लगाई और धीरे-धीरे उन्हें भावनात्मक झांसे में ले लिया। दबाव बनाकर आरोपियों ने प्रवीण जैन को गुना से करीब 20 किलोमीटर दूर रुठियाई कस्बे में बुला लिया। उन्होंने अपनी पत्नी की बीमारी का हवाला देकर व्यापारी को भावुक कर दिया और अपना निवास राजस्थान के पाली जिले में बताया। आरोपियों ने रुठियाई चौराहे पर स्टेट बैंक के पास प्रवीण जैन को बुलाया था, जहां व्यापारी को विश्वास में लेने के बाद, उन्होंने सोने के गहने बताकर कुछ आभूषण उन्हें सौंप दिए और बदले में 10 लाख रुपए नकद ले लिए। आरोपी कुछ दिन पहले खरीदे गए कपड़े भी व्यापारी से वापस ले गए। व्यापारी का कहना है कि लगातार फोन आने और बातचीत के कारण उन्हें आरोपियों पर विश्वास हो गया था। आभूषण लेने के बाद प्रवीण जैन को कुछ संदेह हुआ। जब उन्होंने आरोपियों को फोन लगाया, तो मोबाइल स्विच ऑफ आया। प्रवीण जैन समझ गए कि उनके साथ ठगी हो गई है.

### धमकी देकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**गुना।** जिले के आरोन थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय विवाहिता से दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहा आरोपी आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ गया। विवाहिता ने 28 अगस्त 25 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 अगस्त की रात आरोपी सोनू पुत्र बाबूलाल बुनकर निवासी बरवटपुरा, आरोन ने उसके पति को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। मामले पर पुलिस ने अप.क्र. 399/25 में धारा 64, 331(2), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। आरोन थाना पुलिस लगातार तलाश में दबिशें दे रही थी। इसी क्रम में 1 नवंबर को मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## यूनियन बैंक शाखा गुना के मैनेजर पर गंभीर आरोप: ऋणी ने कहा समझौते के बावजूद नीलामी कर रिश्तेदार को दिलाई जमीन




नवभारत न्यूज

**गुना।** शहर की यूनियन बैंक शाखा गुना में ऋण समझौते को लेकर विवाद सामने आया है। सैयदपुरा निवासी गजानंद कश्यप ने बैंक मैनेजर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी फर्म की वेष कीमती जमीन को बैंक ने नीलामी प्रक्रिया में डाल दिया, जबकि उन्होंने पहले बैंक के कहे अनुसार ही लाखों रुपये जमा कर समझौता राशि एक साथ जमा करने की इच्छा भी जताई थी। इसके बावजूद मैनेजर ने समझौता स्वीकार नहीं किया और आरोप है कि उक्त जमीन को अपने ही नातेदार के माध्यम से स्वयं खरीदवाने की तैयारी कर ली गई।

गजानंद का कहना है कि उनके ऊपर लिया गया लोन पहले से ही काफी हद तक जमा किया जा चुका है और शेष राशि भी वह समझौते के तहत अदा करना चाहते थे, लेकिन बैंक मैनेजर ने उनके आवेदन को बार-बार अनसुना कर दिया। आरोप है कि बैंक प्रबंधन ने पहले समझौते का आश्वासन दिया और बाद में अचानक इसे अस्वीकार कर दिया। ऋणी गजानंद ने यह भी कहा कि नीलामी की प्रक्रिया को जल्दबाजी में आगे बढ़ाया गया ताकि जमीन को पहले से तय व्यक्ति को ही मिल सके।

दूसरी ओर बैंक प्रबंधन की ओर से दिए गए उत्तर में कहा गया है कि ऋणी का खाता एनपीए घोषित हो चुका है और नीलामी की कार्रवाई पूरी तरह विधि अनुसार की जा रही है। बैंक ने यह भी स्पष्ट किया है कि पहले जमा की गई समझौता राशि को खाते में वापस कर दिया गया है और किसी भी प्रकार का औपचारिक राजीनामा मान्य नहीं हुआ है। उधर ऋणी गजानंद ने इस पूरी कार्रवाई को अनुचित बताते हुए न्याय की मांग की है और कहा है कि वह इस मामले को आगे कानूनी स्तर पर चुनौती देंगे।


### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार एस एम एफ जी इण्डिया होम फाइ. कम्पनी लि. गुना द्वारा, शिशांक श्रीवास्तव के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में दस्तावेज जो विक्रेता हरीबाबू पुत्र श्री रामचरणलाल श्रीवास्तव द्वारा, विक्रीत की भूमि प.ह.न. 55, सर्वे नं 575, क्षेत्रफल 562.5 वर्गफीट ग्राम म्याना तहसील व जिला गुना का विक्रय किया था, जो श्री कैलाश पुत्र श्री रामचरणलाल श्रीवास्तव द्वारा क्रय किया गया था, जिसका दस्ता0 क्र. 709 दिनांक 10/06/2009 है, उक्त दस्तावेज (रजिस्ट्री) कहीं गुम हो गया हैं।

यदि किसी व्यक्ति को मिली हो तो कृपया मुझे प्रदान करें अथवा मुझसे संपर्क करें।
उक्त दस्तावेज का इस्तेमाल कोई करे या खरीदे तो इसके लिए खरीददार स्वयं जिम्मेंदार होगा। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सूचना कर्ता-**
**शलभ पारीक, एड्वोकेट**
**31/248 आदर्श कॉलोनी गुना**
**फोन-9425746155**